राजस्थान में 15 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट, 23 अगस्त से मानसून होगा कमजोर

जयपुर,वेब वार्ता । राजस्थान में शुक्रवार (21 अगस्त 2026) को मौसम विभाग ने प्रदेश के 15 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 22 अगस्त को 13 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 23 अगस्त से चार-पांच दिन तक राज्य में मानसून के कमजोर रहने की संभावना व्यक्त की है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को धौलपुर में सबसे ज्यादा 29 मिमी (लगभग 1.14 इंच) बारिश हुई। राजधानी जयपुर में जेएलएन मार्ग पर सबसे ज्यादा 17 मिमी पानी बरसा। कोटा, झालावाड़, भरतपुर और दौसा के



इलाकों में भी हल्की बारिश (10 मिमी से कम) हुई। पिछले 24 घंटों में धौलपुर के बसाईनवांब में 19 मिमी, अलवर के टहला में 16 मिमी, बारां के शाहबाद में 17 मिमी, बारां शहर में 16 मिमी और टोंक में 11 मिमी बारिश हुई।

प्रदेश में पिछले दिनों ज्यादातर इलाकों में बारिश नहीं होने से पारा चढ़ने लगा है। श्रीगंगानगर 40.1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गुरुवार को प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा।

मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, वर्तमान में पूर्वी भारत के ऊपर बना वेल मार्क लो प्रेशर सिस्टम कमजोर होकर लो प्रेशर में तब्दील हो चुका है। मानसून ट्रफ लाइन अभी अमृतसर, निजामाबाद, फतेहगढ़, हरदोई होकर इस लो-प्रेशर सिस्टम से गुजरते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।

उन्होंने बताया कि जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राई रहेगा। हालांकि श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और आसपास के क्षेत्रों में 21 से 23 अगस्त के बीच कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। पूर्वी राजस्थान के उदयपुर, कोटा और अजमेर संभाग के अधिकांश भागों में भी एक सप्ताह मानसून कमजोर रहने की प्रबल संभावना है। वहीं, भरतपुर, जयपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में 20 से 23 अगस्त के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।

पिस्टलनुमा लाइटर से फायरिंग का वीडियो डालने वाला युवक गिरफ्तार

अकाउंट ट्रेस कर दबोचा; पहले से मारपीट और नशा तस्करी के मामले दर्ज

अजमेर/चित्तौड़गढ़, 21 अगस्त (का.सं.)। चित्तौड़गढ़ में सोशल मीडिया पर पिस्टलनुमा लाइटर से फायरिंग का वीडियो डालकर रौब दिखाना एक युवक को भारी पड़ गया। डीएसटी और शंभूपुरा थाना पुलिस ने वीडियो की जांच कर आरोपी मनोहर भील को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, वीडियो में दिख रही वस्तु असली पिस्टल नहीं, बल्कि पिस्टल जैसी दिखने वाली लाइटर थी, लेकिन उसे इस तरह प्रदर्शित किया गया था कि लोगों में डर का माहौल बन सकता था। पुलिस ने आरोपी के अकाउंट से वीडियो हटवाकर उसे दोबारा ऐसी पोस्ट नहीं करने के लिए पाबंद किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी मारपीट और एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया - पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सोशल मीडिया पर आपराधिक गतिविधियों और डर फैलाने वाले कंटेंट के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा और भदेसर डीएसपी विनोद कुमार लेखरा के सुपरविजन में शंभूपुरा थानाधिकारी धर्मराज मीना के नेतृत्व में टीम बनाई गई। इसी दौरान जिला विशेष टीम के प्रभारी एएसआई सूरज कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि मनोहर भील नाम का युवक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पिस्टल जैसे हथियार के साथ वीडियो डालकर लोगों को धमकाने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और सोशल मीडिया की निगरानी के जरिए अकाउंट की पहचान की। जांच में सामने आया कि वीडियो में दिखाई गई वस्तु असली पिस्टल नहीं बल्कि पिस्टलनुमा लाइटर था, लेकिन उसका इस्तेमाल इस तरह किया गया था कि देखने वालों में डर पैदा हो सकता था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

वीडियो हटवाया, दोबारा ऐसी हरकत नहीं करने की चेतावनी

पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी के सोशल मीडिया अकाउंट से संबंधित पोस्ट हटवाई और उसे भविष्य में इस तरह के वीडियो या पोस्ट अपलोड नहीं करने की चेतावनी दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन, धमकी भरे वीडियो या लोगों में दहशत फैलाने वाली पोस्ट किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ऐसे मामलों पर लगातार नजर रखी जा रही है और जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में डीएसटी से एएसआई सूरज कुमार, राजकुमार (साइबर सेल), कांस्टेबल राम अवतार, अरविंद कुमार, कृष्णकांत, अशोक कुमार, जगदीश, देवेंद्र, सुरेश सुंडा, रामकेश और वीरेंद्र शामिल रहे। वहीं शंभूपुरा थाना पुलिस से थानाधिकारी धर्मराज मीना, एएसआई कुंदन सिंह और कांस्टेबल रामकिशन ने कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जयपुर में सरकारी टीचर ने किया सुसाइड:ससुराल वाले बेटा नहीं होने का ताना मारते थे; पिता को कहा था- ये लोग मार डालेंगे

जयपुर,वेब वार्ता ।जयपुर में सरकारी महिला टीचर ने ससुराल वालों से परेशान होकर सुसाइड कर लिया। टीचर के बेटा नहीं होने पर ससुराल वाले ताना मारते थे। टीचर के पिता का कहना है कि बेटी ने फोन पर कहा था कि 'बेटा नहीं होने से ये लोग (ससुराल वाले) मुझे मार डालेंगे।'

मामला भट्ठाबस्ती थाने का है। भट्ठाबस्ती स्टेशन रोड सुरेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि शास्त्री नगर के शिव कॉलोनी निवासी नीरू गुप्ता (40) ने सुसाइड किया है। वह रींगस के सरकारी स्कूल में टीचर थी। मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे स्कूल से घर लौटी थी। इसके बाद अपने कमरे में जाकर उसने सुसाइड कर लिया। परिवार के लोग शाम करीब 6:30 बजे कमरे में गए तो वह फंदे पर लटकी मिली।

फंदे से नीचे उतारकर परिजन उसे कांवटिया हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। टीचर के पिता पुष्करलाल गुप्ता निवासी परमहंस कॉलोनी मुरलीपुरा की शिकायत पर पुलिस ने टीचर के पति और ससुरालवालों पर सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

शादी के बाद से करते थे परेशान



टीचर के पिता ने बताया कि जनवरी 2013 में उन्होंने बेटी की शादी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) योगेश अग्रवाल से की थी। शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर बेटी को परेशान कर रहे थे।

दिसंबर 2013 में बेटी को जन्म देने के बाद ससुरालवालों का टॉर्चर बढ़ गया। पोते की आस में बैठे ससुराल वाले ताने मारकर परेशान करने लगे। फरवरी 2019 में दूसरी बेटी के जन्म के बाद और ज्यादा परेशान करने लगे।

पिता का कहना है कि नवंबर 2021 में मारपीट कर ससुरालवालों ने बेटी को घर से निकाल दिया था। दामाद ने भी अपने परिवार का साथ दिया था। करीब सवा महीने बाद समझाइश होने पर बेटी को वापस ससुराल भेजा था।

टॉर्चर से परेशान होकर उठाया कदम

साल 2023 में बेटी की रींगस के सरकारी स्कूल में टीचर की नौकरी लग गई। इसके बाद भी टॉर्चर कम नहीं हुआ और ससुराल वाले पोते का कहकर परेशान करते रहे। पिता कहना है कि कई बार बेटी ने फोन पर उसके साथ हो रही प्रताड़ना के बारे में बताया था।

जुलाई 2026 में नीरू के भाई के दूसरा बेटा होने का पता चलने पर ससुरालवालों ने हंगामा कर दिया। उसे धमकाया कि 'तेरे भाई के बेटे पर बेटे हो रहे हैं, तू बेटियां पैदा कर रही है।'

पिता ने रिपोर्ट में बताया कि तब बेटी ने फोन कर कहा था कि- 'पिताजी मेरे बेटा नहीं होने से ये लोग मुझे मार डालेंगे। आप मेरी दोनों बेटियों का ध्यान रखना। जिसके बाद उसकी संदिग्ध मौत की खबर उन्हें दी गई।'

मानसून फेस्ट पर रोक की मांग लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे वकील

जिला निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत, बोले- कार्यक्रम से आचार संहिता का उल्लंघन

अजमेर, 21 अगस्त (वेबवार्ता)। अजमेर में नगर निगम चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अजमेर दक्षिण की भाजपा विधायक अनिता भदेल से जुड़े कार्यक्रम 'मातृ शक्ति मानसून फेस्ट' को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार को वकीलों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु से ज्ञापन के जरिए शिकायत की है।



उनका आरोप है कि फेस्ट के आयोजन से चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है। वकीलों ने जिला निर्वाचन अधिकारी से मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने और कार्यक्रम को रोकने की मांग की है।23 अगस्त को रामगंज स्थित खेल मैदान में 'मातृ शक्ति मानसून फेस्ट-2026' कार्यक्रम प्रस्तावित है। वकीलों ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के प्रचार प्रसार के लिए किया जा रहा है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नगर निगम चुनाव की आदर्श आचार संहिता 19 अगस्त 2026 से लागू हो चुकी है। इसके बावजूद 23 अगस्त को रामगंज के खेल मैदान में महिलाओं के लिए खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में भाजपा विधायक अनिता भदेल की तस्वीरों सहित भाजपा से जुड़ी प्रचार सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।

राजनीतिक उद्देश्य से आयोजन का आरोप

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव आशीष राजोरिया ने कहा कि कार्यक्रम में लहरिया और फैशन प्रतियोगिता, पारंपरिक नृत्य, संगीत एवं खेल गतिविधियों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।आरोप है कि कार्यक्रम का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्य से महिलाओं के बीच भाजपा का प्रचार-प्रसार करने के लिए किया जा रहा है, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार इस तरह के आयोजन की अनुमति नहीं है।

सोशल मीडिया पर प्रचार और पुरस्कारों का भी जिक्र

राजोरिया ने दावा किया गया कि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य माध्यमों से प्रचार किया जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि कार्यक्रम में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए मेगा लकी ड्रॉ, ई-स्कूटी, लैपटॉप सहित पुरस्कारों का लालच दिए जाने का प्रचार किया जा रहा है।

सरकारी कर्मचारियों के इस्तेमाल का भी आरोप

शिकायतकर्ताओं ने कार्यक्रम में सरकारी तंत्र के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया है। ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, नरेगा/फैमिली मजदूरों, स्वास्थ्य कर्मचारियों सहित अन्य सरकारी कर्मचारियों को बड़ी संख्या में शामिल करने और भाजपा के प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग किए जाने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि इसकी वीडियोग्राफी कराकर प्रत्येक सरकारी कर्मचारी पर नजर रखी जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया का दुरुपयोग नहीं हो।

आयोजन पर रोक लगाने और प्रचार सामग्री हटाने की मांग

एडवोकेट विवेक पाराशर ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की गई कि 'मातृ शक्ति मानसून फेस्ट-2026' के आयोजन पर तत्काल रोक लगाई जाए।

कार्यक्रम से जुड़े सभी बैनर, पोस्टर और ऑनलाइन-ऑफलाइन प्रचार सामग्री हटाने के निर्देश दिए जाएं।

पीजीडीसीए परीक्षा परिणाम में लॉर्ड तिरुपति महाविद्यालय के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

केकड़ी। सावर रोड स्थित लॉर्ड तिरुपति महाविद्यालय में संचालित पीजीडीसीए पाठ्यक्रम के सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम जगतगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में जारी किया गया। परिणाम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया।

परीक्षा परिणाम में चंद्र मोहन लक्षकार ने 997 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं खुशीराम माली ने 990 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कोमल चौधरी एवं अशोक कुमार जांगिड़ ने 987-987 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत :कोटा में इलाज के दौरान तोड़ा दम, बूंदी से हिंडोली की तरफ जाते समय हादसा

कोटा,वेब वार्ता ।बूंदी के तालेड़ा रेलवे कॉलोनी निवासी हुकमचंद (42) की सड़क हादसे में मौत हो गई। हुकमचंद गुरुवार शाम करीब 4 बजे वे मोटरसाइकिल से बूंदी से हिंडोली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हॉस्पिटल में तोड़ा दम हादसे में हुकमचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए बूंदी अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें कोटा एमबीएस अस्पताल रेफर कर दिया।

परिजन उन्हें कोटा लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान हुकमचंद ने दम तोड़ दिया।

तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर मृतक के भाई कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि हुकमचंद पंडिताई का काम करते थे और काम के सिलसिले में बाइक से बूंदी से आगे जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए



तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी। हुकमचंद के शव को कोटा एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने हादसे के संबंध में जांच शुरू कर दी है और ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

नहर में पानी-कचरे के बीच मिला युवक का शव : पहचान नहीं हुई, 2 से 3 दिन पुरानी लग रही बॉडी



कोटा,वेब वार्ता ।कोटा केदई मुख्य नहर में आज सुबह एक युवक का शव मिला। नहर के पास से गुजर रहे लोगों ने पानी और कचरे के बीच शव को देखा। पुलिस और नगर निगम की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची।

गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला। शव करीब दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। मामला रामपुरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। 25 से 30 साल का लग रहा युवक रामपुरा थाने के एएसआई मोरध्वज ने बताया कि दाई मुख्य नहर में करीब 25 से 30 साल के युवक का शव मिला है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आस-पास के थाना क्षेत्रों में युवक की पहचान की कोशिश कर रही है। आस-पास के इलाकों से लापता हुए लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार- पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी जाएगी। उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर नियमानुसार शव सौंपा जाएगा।

गहने-लूटने से रोका तो बदमाशों ने युवक को गोली मारी

शरीर में कई जगह छर्रे लगे, आरबीएम हॉस्पिटल रेफर

भरतपुर,वेब वार्ता ।डीग जिले के नगर थाना इलाके के दुंदावल गांव में देर रात दो बाइक सवार बदमाशों ने कई राउंड फायरिंग की। बदमाशों ने गांव की महिला अबीदा से घर के बाहर पशुओं का काम करते समय गहने लूटे थे। अबीदा के शोर मचाने पर गांव के युवकों ने दोनों लुटेरों को पकड़ लिया, लेकिन कहासुनी के बाद उन्हें छोड़ दिया। इसके बाद बदमाश वापस गांव आए और फायरिंग कर दी, जिसमें एक युवक के शरीर में कई जगह छर्रे लगे और उसे आरबीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

घर के बाहर काम कर रही महिला से लूटे गहनेमामले की जांच के दौरान साइबर थाना नारनौल पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सबूतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित विक्रम को जोधपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब इस साइबर गिरोह से जुड़े अन्य आरोपितों की पहचान और उनकी भूमिका की जांच कर रही है।

घटना दुंदावल गांव की है। गांव के रहने वाले अली मोहम्मद ने बताया कि देर रात करीब 11 बजे गांव की रहने वाली अबीदा घर के बाहर पशुओं का काम कर रही थी। इसी दौरान दो बाइक सवार युवक वहां आए। दोनों ने अबीदा



से गहने लूट लिए। अबीदा ने शोर मचाया तो गांव के युवक मौके पर इकट्ठे हो गए। ग्रामीण युवकों ने दोनों बाइक सवार लुटेरों को पकड़ लिया।पुष्करणा मोहल्ले से देवड़ों की भागल जाने वाला मुख्य रास्ता ग्रामीणों की परेशानी का सबब बन गया है। बारिश के बाद कच्चे रास्ते पर पानी भर गया। कीचड़ होने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है।

कहासुनी के बाद लुटेरों को छोड़ दिया

अली मोहम्मद के अनुसार गांव के युवकों और लुटेरों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद गांव के युवकों ने दोनों लुटेरों को छोड़ दिया। लुटेरे वहां से जाने के बाद वापस गांव में आए।नाकाबंदी और वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध वाहन को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन भगाने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा कर वाहन को पकड़ा और चालक प्रवीण निवासी भिवानी, हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया।

वापस आकर कई राउंड फायरिंग की

गांव में वापस आते ही दोनों लुटेरों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। बदमाशों की ओर से कई राउंड फायरिंग की गई। फायरिंग की घटना में सहिब खान के हाथ और छाती में छर्रे लगे हैं।

नगर से आरबीएम हॉस्पिटल रेफर

फतेहपुरा के पास खेत से मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक मुख्य सड़क पर आ गई। कार की तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार सीधे ट्रैक्टर के पिछले हिस्से में जा घुसी।

छर्रे लगने के बाद घायल युवक को नगर के अस्पताल लेकर जाया गया। वहां से उसे इलाज के लिए आरबीएम हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। पुलिस लगी आरोपियों की तलाश में

नगर थाना अधिकारी लाखन सिंह ने बताया कि अबिदा के पति अली मोहम्मद ने पुलिस को लूट और फायरिंग की शिकायत दी है। रुक्का दर्ज की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.09.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

अजमेर, ब्यावर, 0135510700010889, 0908, 0917, 0920, 0923, 0924, 0933, 0941, 0946, 0135510730046716, 9720, 9728, 9732, 9740, 9758, 9767, 9785, 9788, 9796, 9799, 9811, 9817, 9818, 9821, 9822, 9823, 9827, 9828, 9830, 9845, 9855, 9869, 9871, मदनगंज कृष्णगढ़, 0111760700026243, 6255, 6279, 6287, 6326, 6328, 7185, 7190, 7201, 7205, 7207, 7208, 7215, 7217, 7232, 7237, 7241, 7247, 7255, 7262, 7270, 7271, 7273, 7277, 7278, 7280, 7282, 0111760730070842, 0892, 0901, 0956, 0975, 1030, 1034, 5480, 5485, 5487, 5497, 5516, 5518, 5519, 5520, 5523, 5525, 5526, 5533, 5534, 5535, 5545, 5550, 5562, 5564, 5565, 5567, 5570, 5573, 5596, 5598, 5608, 5614, 5616, 5618, 5623, 5629, 5637, 5651, 5653, 5656, 5657, 0252, 0253, 0254, पीआर मार्ग अजमेर, 0125030700015922, 5937, 5971, 5985, 6446, 6462, 6465, 6468, 6469, 6474, 6478, 6483, 6487, 0125030730035610, 5616, 5623, 5624, 5625, 5630, 5631, 5633, 5642, 5645, 5646, 5647, 5649, 5651, 5657, 5658, 5659, 5660, 5666, 5668, 5669, 5670, 5677, 5681, 5683, 5684, 5692, 5694, 5699, 5700, रामगंज अजमेर, 0111700700023211, 3215, 3842, 3848, 3854, 3869, 3883, 3885, 0111700730034209, 8487, 8511, 8512, 8513, 8519, 8524, 8533, 8539, 8542, 8551, 8555, 8570, 8574, 8587, 8595, 8604, 8622, भीलवाडा, गांधी नगर भीलवाडा, 0116480700021717, 1748, 1928, 2095, 2097, 3006, 3026, 3028, 3037, 3042, 3050, 3093, 3096, 3104, 3105, 3121, 0116480730027426, 7544, 3359, 3420, 3433, 3443, 3457, 3466, 3468, 3470, 3495, 3496, 3497, 3509, 3521, 3538, 3539, 3542, 3547, 3549, 3558, 3559, 3570, 3571, 3573, 3604, 3605, 3607, 3610, 3615, 3616, 3620, 3644, 3651, 3665, 3667, 3669, 3679, 3681, 3683, 0180, शास्त्री नगर भीलवाड़ा, 0116360700021155, 1171, 1184, 2162, 2170, 2176, 2178, 2182, 2184, 2195, 2220, 2221, 2224, 2228, 2240, 2256, 0116360730023825, 0066, 0074, 0105, 0106, 0114, 0115, 0116, 0121, 0123, 0149, 0151, 0152, 0164, 0189, 0191, 0196, 0201, 0211, 0215, 0216, 0220, 0241, 0269, 0279, 0280, 0282, 0296, 0297, सुभाष नगर भीलवाडा, 0116390700028957, 9018, 9027, 9030, 9087, 9090, 0390, 0414, 0446, 0447, 0449, 0454, 0463, 0471, 0481, 0490, 0508, 0516, 0116390730047778, 8464, 9126, 9164, 9169, 9180, 9238, 9239, 9291, 9342, 9374, 9375, 7834, 7850, 7859, 7878, 7881, 7882, 7891, 7892, 7893, 7896, 7906, 7929, 7930, 7931, 7939, 7942, 7944, 7945, 7948, 7949, 7950, 7952, 7956, 7957, 7958, 7959, 7960, 7961, 7962, 7963, 7984, 7985, 7986, 8009, 8010, 8012, 8017, 8032, 8034, 8076, 8079, 8081, 8093, 8097, 8105, 8106, 8137, 8138, 8140, 8141, 8142, 8145, 8148, 8150, 8160, 8163, 8169, 8170, 8174, 8175, 8184, 8205, 8224, 8225, 8242, 8243, 8244,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

Adv P. B. Kharde

Exh. No. 23 — Process paid

Motor Accident Claim Petition No. 1075/2019
Before the Motor Accident Claims Tribunal
(Hon'ble Member S.S. More Sir) Nashik)

Mrs. Pushpa Kishor Hake - Applicant
Age : 22 years, Occupation: Household work
R/o : Plot No. 32, A.S.N., Ashwin Nagar, Pathardi Phata, Nashik.

Versus

1. Javed Akhtar Shamsuddin - Respondent
Age : Adult, Occupation : Owner of Container,
R/o: 148, Near Panchayat, Ramsar, Nasirabad, Tal. & Dist. Ajmer,
State: Rajasthan-305601.

PUBLIC NOTICE

The above applicant has filed a claim petition against the above respondent and National Insurance Company for compensation of the damages caused due to the accident. The notice of the said claim petition was sent to Respondent No. 1 several times at his given address, but Respondent No. 1 has not accepted the notice, and therefore the service of notice could not be completed.

Therefore, Respondent No. 1 is hereby informed that in the Motor Accident Claim Petition, he shall remain present personally or through his **advocate on 12.10.2026** and state his say/defence.

If the respondent does not submit his say/defence on the said date, it will be presumed that he has nothing to say, and an **ex-parte order** may be passed against him.

This public notice is issued under my signature and seal.

Date : 11.8.2026

Sd/- **Junior Clerk**
Nashik District Court, Nashik

Seal of Court

Sd/- **Asst. Superintendent**
Nashik District Court, Nashik

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नीदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय ए-46,गली नं. 4, विष्णु हिल टॉउन, सीआरपीएफ के पास, अजमेर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com